समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# बेवर थाने मे मंहिला सुरक्षा और सम्मान के लिए महिला शक्ति केद्रं का शुभारंभ

हरिओम

Published on 22 Sep 2025



**| संवादाता | हरिओम | बेवर थाने मे मंहिला सुरक्षा और सम्मान के लिए महिला शक्ति केद्रं का शुभारंभ**

बेवर – महिला सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए थाना परिसर में **महिला शक्ति केद्रं** का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व **प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह** ने किया।

महिला शक्ति केंद्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को **सशक्त बनाना, सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना** है। इस केंद्र पर एक **उपनिरीक्षक** सहित चार महिला कांस्टेबल की तैनाती की गई है। इससे महिलाओं को थाने में किसी भी समस्या या शिकायत के समाधान के लिए सहज वातावरण मिलेगा।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक **अनिल कुमार सिंह** ने महिला शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली को रेखांकित किया और इसे समाज में महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान को सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने **हेड कांस्टेबल विचित्रा** समेत मिशन में शामिल चार अन्य महिला कांस्टेबलों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि महिला शक्ति केंद्र के माध्यम से महिलाओं को न्याय और सुरक्षा उपलब्ध कराना आसान होगा। यह पहल समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच और सुरक्षित वातावरण स्थापित करने में सहायक होगी।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/हरिओम, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.